32 करोड़ रुपये मूल्य की 'ब्लैक कोकीन' अहमदाबाद अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर जब्त की गई

प्रविष्टि तिथि: 21 JUN 2023 6:12PM by PIB Delhi

राजस्व आसूचना निदेशालय (डीआरआई) के अधिकारियों ने आज भारत में तस्करी करने की एक अनूठी चाल का पर्दाफाश करते हुए अहमदाबाद के एसवीपीआई हवाई अड्डे पर 3.22 किलोग्राम 'ब्लैक कोकीन', जो कि एक डिजाइनर नशीली दवा है, की तस्करी करने के प्रयास को पूरी तरह से नाकाम कर दिया।

यह खुफिया जानकारी मिली थी कि ब्राजील का एक व्यक्ति, जो कि साउ पाउलो हवाई अड्डे से अहमदाबाद अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे की यात्रा कर रहा था, भारत में कोकीन की तस्करी करने का प्रयास करेगा। डीआरआई के अधिकारियों ने अहमदाबाद अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर उक्त ब्राजीलियाई व्यक्ति को रोका। यह यात्री टूरिस्ट वीजा पर यात्रा कर रहा था। यात्री के साथ-साथ ट्रॉली एवं केबिन बैग की गहन जांच की गई और छिपा कर रखी हुई नशीली दवा के उसमें होने के बारे में पता नहीं चल पाया।

हालांकि, डीआरआई के अधिकारियों ने यह पाया कि उक्त दोनों बैगों के सबसे निचले हिस्से और दीवारों में रबर जैसी बेहद मोटी सामग्री थी जो बड़ी कमजोर थी और उस पर दबाव डालने पर उनसे दानेदार सामग्री निकल रही थी। इस सामग्री की जांच फॉरेंसिक साइंस लैब के अधिकारियों की एक टीम द्वारा विशेष फील्ड-टेस्टिंग किट की मदद से की गई जिससे उसमें कोकीन होने की पुष्टि हो गई। तदनुसार, इस 3.22 किलोग्राम नशीले पदार्थ को एनडीपीएस अधिनियम 1985 के प्रावधानों के तहत जब्त किया गया। उस यात्री ने कोकीन की तस्करी में अपनी सक्रिय भूमिका होने की बात स्वीकार कर ली और उसे गिरफ्तार कर लिया गया।

'ब्लैक कोकीन' दरअसल एक डिजाइनर दवा है। कोकीन में चारकोल और अन्य रसायनों को मिलाकर यह नशीली दवा तैयार की जाती है, ताकि इसे काले रबर जैसा रूप देकर इसे छिपाया जा सके और खोजी कुत्ते एवं फील्ड-टेस्टिंग किट भी इसका पता लगाने में नाकाम हो जाएं। कोकीन की तस्करी करने की यह चाल बेहद अनूठी है और डीआरआई द्वारा 'ब्लैक कोकीन' को जब्त किए जाने का यह पहला उदाहरण है। इस दिशा में आगे की जांच अभी जारी है।

***

एमजी/एमएस/आरआरएस/वाईबी

(रिलीज़ आईडी: 1934217) आगंतुक पटल : 381

इस विज्ञप्ति को इन भाषाओं में पढ़ें: English , Urdu , Gujarati